# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक ए- 131 /छा.क.वि./यु0उ0/2022 भोपाल, दिनांक 28.09.2022

प्रति,

प्राचार्य,
चिन्हित एवं सम्बद्ध महाविद्यालय,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,
भोपाल ।

एवं

समस्त विभागाध्यक्ष,
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,
भोपाल।

विषयः–युवा उत्सव सत्र 2022–23 का आयोजन विभिन्न स्तरों पर सम्पन्न करवाये जाने के संबंध में।

संदर्भः–अवर सचिव, म0 प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग का पत्र कमांक 730/85/रासेयो/2022/38/ दिनांक 26.09.2022

महोदय/महोदया,

विषयान्तर्गत सूच्य है कि संदर्भित पत्र के परिपालन में युवा उत्सव सत्र 2022–23का विभिन्न स्तरों पर आयोजन कर चयन प्रकिया पूर्ण की जानी है। प्राचार्य समस्त सम्बद्व महाविद्यालय की ओर इस अनुरोध के साथ कि कृपया महाविद्यालय स्तर पर युवा उत्सव चयन प्रकिया पूर्ण कर अगले स्तर के युवा उत्सव के लिए विजेताओं की सूची अपने जिले के सांस्कृतिक समन्वयको की ओर समय से भेजवाने का कष्ट करें।

सधन्यवाद,

संलग्नः–संदर्भित पत्र की छाया प्रति।

(डॉ0 आई0 के0 मंसूरी)
कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ0 कमांक ए- 132 /छा.क.वि./यु0उ0/2022 भोपाल, दिनांक 28.09.2022

प्रतिलिपिः–

1. अवर सचिव, म0प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, ब0वि0वि0 भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
3. कुलपति एवं कुलसचिव के निज सचिव के माध्यम से माननीय कुलपति जी एवं कुलसचिव जी की ओर सादर सूचनार्थ।
4. डॉ0 अंशुजा तिवारी, सांस्कृतिक समन्वयक, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग ब0वि0वि0 की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, आई.टी. सेल की ओर सूचनार्थ एवं पत्र को विश्वविद्यालय की वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. सूचना पटल एवं कार्यालय प्रति।

28/9/22

(प्रो0 पवन मिश्रा)
अधिष्ठता छात्र कल्याण
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, भोपाल-462004

क्रमांक 730 / 85 /रासेयो/2022/38, भोपाल, दिनांक 26/09/2022

प्रति,

छात्र कल्याण अधिष्ठाता,

समस्त विश्वविद्यालय,

(म.प्र.)

विषय:-युवा उत्सव का आयोजन वर्ष 2022-23.

--0--

वर्ष 1985 से प्रदेश में संस्था, जिला विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले युवा उत्सवों से छात्र-छात्राओं में सांस्कृतिक, सांगीतिक, साहित्यिक एवं रूपांकन गतिविधियों के प्रति उनकी अभिरूचि में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही हैं एवं यह युवा उत्सव वर्तमान तके उपरोक्त गतिविधियों के मंच के रूप में प्रतिष्ठित हो गये हैं।

प्रतिवर्ष 22 विधाओं में जिस प्रकार विभागीय मार्गदर्शिका के अनुसार प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। उसी प्रकार से इस वर्ष प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

वर्ष 2022-23 मे युवा उत्सव की विभिन्न स्तर क प्रतियोगिता के आयोजन के लिये तिथियाँ निम्नानुसार रहेगी-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अन्तर कक्षा महाविद्यालय स्तर | - | दिनांक 10, 11, 12 अक्टूबर 2022 |
| 2 | अन्तर-महाविद्यालय जिला स्तर | - | दिनांक 17,18, 19 अक्टूबर 2022 |
| 3 | अन्तर जिला विश्वविद्यालय स्तर | - | दिनांक 03, 04, 05 नवंबर 2022 |
| 4 | अन्तर विश्वविद्यालय राज्य स्तर | – | दिनांक 28, 29, 30 नवंबर 2022 |

नोट :- अपरिहार्य कारणों से यदि क्रमांक 1, 2 एवं 3 की तिथियों में आंशिक परिवर्तनों की आवश्यक्ता होती है, तो छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक ,अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यो के साथ बैठक कर अपने विश्वविद्यालय परिक्षेत्र की सुविधानुसार तिथि तय कर प्रतियोगिताएँ आयोजित करा सकेगें। प्रत्येक स्तर पर आयोजन के लिए प्रतिर्स्पधाओं से संबंधित, निर्धारित मापदंड विभाग द्वारा प्रकाशित मार्गदर्शिका में सुझाए अनुसार ही होगें।

अन्तर्कक्षा महाविद्यालय जिला स्तर प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए संलग्न सूची के अनुसार प्रत्येक जिले में एक महाविद्यालय को चिन्हित किया गया है। चिन्हित महाविद्यालय के प्राचार्य पूर्व वर्षो की भांति तथा उपर्युक्त सन्दर्भित मार्गदर्शिका के अनुसार युवा उत्सव के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतियोगिता का आयोजन जिले में समस्त महाविद्यालयों के सहयोग से करायेगें। इस हेतु जिले की समस्त महाविद्यालयों की बैठक बुलाकर प्रतियोगिता स्थल का निर्धारण किया जायेगा और उसी बैठक मे निर्णायकों का एक पैनल सबकी सहमति से बनाया जायेगा।

हमें विश्वास है कि प्राचार्यो एवं उनकी संस्था के शिक्षकों/कर्मचारियों के सहयोग तथा विश्वविद्यालयों के समन्वयक से विभिन्न स्तर पर होने वाले युवा उत्सव,राष्ट्रीय भावना एवं सामाजिक सदभाव को प्रदर्शित करने वाले होंगें तथा इन युवा उत्सवों को पूर्ण गरिमा के साथ आयोजित किया जाये। साथ ही विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां/प्रतियोगिताऐं महती भूमिका कर निर्वाह करती हैं,ऐसी स्थिति में प्राचार्य इन गतिविधियों में भागीदारी के लिए विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करेगें। आयोजन पश्चात कार्यक्रमों का संक्षिप्त प्रतिवेदन-विजेता,उपविजेता छात्र-छात्राओं की जानकारी,छायाचित्र एवं पेपर न्यूज कटिंग् के साथ सुव्यवस्थित ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत करेगें।

संलग्न:- जिला स्तरीय स्पर्धाओं के लिए अधिकृत महाविद्यालयों की सूची ।

26-9-22

वीरन सिंह भलावी

अवरसचिव,

मध्यप्रदेश शासन,उच्च शिक्षा विभाग

निरंतर......